1	क्या यह बात सही है कि धनबाद जिला के अतिमहत्वाकांक्षी योजना निरसा– गोबिन्दपुर बहु–ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का एक वर्ष पहले ही तकनीकी स्वीकृति होने के उपरान्त भी आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है ?	निरसा–गोबिन्दपुर (दक्षिणी भाग) ग्रामीण जलापूर्त्ति योजना से संबंधित प्रश्न बजट सत्र में तारांकित प्रश्न संख्या– 19 द्वारा पूछा गया था जिसका उत्तर ससमय प्रेषित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि इस प्रखंड की कुल आबादी का लगभग 48% पाईप जलापूर्ति योजना से आच्छादित है जबकि राज्य का औसत 15% ही है। निरसा–गोबिन्दपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना (दक्षिणी भाग) की स्वीकृति के निमित्त NRDWP केन्द्र प्रायेजित योजना की SLSSC में सैद्धान्तिक सहमति अक्टूबर 2014 में प्राप्त हुई थी। योजना की स्वीकृति सक्षम स्तर से 2014–15 में प्राप्त नहीं हुई है। वित्तीय वर्ष 2015–16 में केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के स्वरूप में परिवर्त्तन के क्रम में भारत सरकार के संयुक्त सचिव के D.O letter No- W-1141/09/2015-Water- I दिनांक– 29.06.2015 के माध्यम से सूचित किया गया है कि चालू परियोजना (Ongoing Project) के खत्म होने तक नई योजना NRDWP अंतर्गत नहीं ली जाय। इसलिए योजना स्वीकृत नहीं हो सकी। NRDWP के तहत विभिन्न SLSSC में काफी योजनाओं की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त है। उपलब्ध संसाधन के अनुरूप ही योजना की प्रशासनिक स्वीकृति होती थी।
2	यदि उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अविलम्ब उक्त योजना पर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने की मंशा रखती है हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	राज्य सरकार के संकल्प ज्ञापांक– 301 दिनांक– 11.03.2105 के कम में क्षेत्रीय संतुलन का ध्यान में रखकर योजना का चयन किया जाता है। इसी के अनुरूप इसपर भी विचार किया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
<u>पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।</u>

ज्ञापांक :– 7/ता0प्र0– 01–04/2015– 3762 /राँची, दिनांक :– 24/8/15

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञापांक– 1984 दिनांक– 13.04.2015 के कम में 25 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/8/15

(सुरेश प्रसाद)
सरकार के अवर सचिव।
24/08/15

78

श्री कुणाल षाडंगी, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं० पश–10

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री कुणाल षाडंगी, माननीय स०वि०स०	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है, कि पूर्वी सिंहभूम जिला के अन्तर्गत गुड़ाबन्दा प्रखण्ड एवं बहरागोड़ा प्रखण्ड को जोड़ने के लिए स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण का कार्य चार वर्ष शुरू किया गया है ;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि उक्त पुल हेतु प्राक्कलन की राशि 18 करोड़ रूपये थी एवं इसे दो वर्ष में पूर्ण किया जाना था लेकिन अभी तक अधूरा पड़ा है ;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नांकित पुल की प्राक्कलित राशि रू० 14,08,31,000.00 (रू० चौदह करोड़ आठ लाख इकतीस हजार) थी तथा एकरारनामा के अनुसार दो वर्षों में पुल को पूर्ण किया जाना था।
3. उक्त पुल के निर्माण नहीं होने से आवागमन में बड़ी कठिनाई होती है ;	स्वीकारात्मक।
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने हेतु दोषि पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ शीघ्र अधूरा कार्य को पूर्ण करने पर विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?	एकरारित अवधि तक प्रश्नांकित पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण संवेदक के एकरारनामा को विखण्डित करने हेतु उक्त कार्य की अंतिम मापी ली जा चुकी है। संवेदक के फर्म को काली सूची में डाले जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। संवेदक के एकरारनामा को विखण्डित करते हुए अवशेष भाग का डी०पी०आर० तैयार कर इसके निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने की कार्रवाई की जायेगी। कार्यपालक अभियंता द्वारा संवेदक के एकरारनामा को विखण्डित करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दिये जाने की स्थिति मे किसी पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने का प्रश्न नहीं उठता है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग।

ज्ञापांक:– 7 (वि०स०)–281 / 2015 / ग्रा०का० 2850 राँची, दिनांक– 25.8.15

प्रतिलिपि:– अवर, सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं० प्र0–2254 वि०स० दिनांक 19.08.2015 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/8/15
(योगेश चन्द्र सिंहक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक:– 7 (वि०स०)–281 / 2015 / ग्रा०का० 2850 राँची, दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि:– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड के आप्त सचिव / प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

मानीय विधायक प्रो. जयप्रकाश वर्मा, मा. स. वि. स. द्वारा दिनांक 26.08.2015 को पूछे जाने वाला ...रांकित प्रश्न सं. पेय – 06 का उत्तर

<table>
<tr><td>क्र० सं.</td><td>क्या मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–</td><td>श्री चंद्र प्रकाश चौधरी, विभागीय मंत्री द्वारा दिये जाने वाले उत्तर–</td></tr>
<tr><td>1</td><td>इस वित्तीय वर्ष में गिरिडीह जिलान्तर्गत गाण्डेय, बेंगाबाद और गिरिडीह (मु.) प्रखंडों के कितने चापाकल लगाए गए हैं एवं कितने गाँवों में चापाकल की नितांत आवश्यकता है;</td><td>वस्तुस्थिति यह है कि भारतीय मानक 150 व्यक्ति पर एक चापाकल के आधार पर तीनों प्रखण्ड में पर्याप्त संख्या में चालू चापाकल है। विवरण निम्न है:–
<table>
<tr><th>क्र० सं०</th><th>प्रखण्ड का नाम</th><th>आबादी</th><th>चालु चापाकल की सं०</th><th>प्रति चापाकल लाभान्वित व्यक्तियों की सं०</th><th>अभ्युक्ति</th></tr>
<tr><td>1</td><td>गाण्डेय</td><td>136289</td><td>1815</td><td>75</td><td rowspan="3">भारतीय मानक 150 व्यक्ति पर 1 चापाकल से अधिक है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>बेंगाबाद</td><td>118914</td><td>1761</td><td>68</td></tr>
<tr><td>3</td><td>गिरिडीह (प्रखण्ड)</td><td>92113</td><td>1033</td><td>89</td></tr>
</table>
(1) इसके अलावे गाण्डेय प्रखण्ड में 11 अदद लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं 1 अदद बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना द्वारा जलापूर्ति की जाती है।
(2) बेंगाबाद में 7 अदद लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं 1 अदद बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना द्वारा जलापूर्ति की जाती है।
(3) गिरिडीह प्रखण्ड (मु0) में 4 अदद लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं 1 अदद बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना द्वारा जलापूर्ति की जाती है।
उक्त से स्पष्ट है कि पर्याप्त जलस्रोत/सुविधा मानक से ज्यादा उपलब्ध है। नये चापाकल की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।
आपदा प्रबंधन के अधीन गिरिडीह जिले को रु. 3,70,76000 (तीन करोड सत्तर लाख छिहत्तर हजार रुपये) का लक्ष्य निर्धारित कर, आवश्यकतानुसार जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकार (DDMA) की बैठक में कारवाई करना है। उपायुक्त के स्तर पर कारवाई की जा रही है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के गाँवों मे चापाकल लगाने की विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?</td><td>कंडिका क्रम सं0–01 में स्थिति स्पष्ट की गयी है।</td></tr>
</table>

झारखंड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक: 8/ता. प्र. सं. 20/2015 3765 दिनांक 24/8/15

प्रतिलिपि: अवर सचिव, झारखंड विधानसभा सचिवालय के ज्ञापांक 2152 दिनांक 17.08.2015 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सुरेश प्रसाद)
सरकार के अवर सचिव

श्री नागेन्द्र महतो, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0–ग्राम–11

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री नागेन्द्र महतो, माननीय स०वि०स०	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिला के बगोदर प्रखण्ड स्थित औंरा से खेतको ग्राम तक पथ जर्जर अवस्था में अवस्थित है। उक्त पथ का निर्माण विगत 10 वर्ष पूर्व हुआ है;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड–(1) में वर्णित जर्जर पथ ग्रामीणों के आवागमन के लायक नहीं होने के कारण, आवागमन बाधित है एवं ग्रामीणों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;	स्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड–(1) में वर्णित जर्जर पथ का जनहित में शीघ्रातिशीघ्र मरम्मतिकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	मरम्मति मद में सीमित बजटीय उपबंध है। विगत वर्षों का दायित्व भुगतान के बाद नीति निर्धारण के आलोक में निर्णय लिया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(ग्रामीण कार्य मामले)

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1036 / 15 ग्रा०का०वि० 2817 राँची / दिनांक– 22-8-15

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा०वि०स० सचिवालय को 250 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–2134, दिनांक–17.08.2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ह०) 22.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1036 / 15 ग्रा०का०वि० 2817 राँची / दिनांक– 22-8-15

प्रतिलिपि–मा० मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय विभागीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के आप्त सचिव, झारखण्ड / प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

(ह०) 22.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1036 / 15 ग्रा०का०वि० 2817 राँची / दिनांक– 22-8-15

प्रतिलिपि–प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

(ह०) 22.8.15
सरकार के उप सचिव।

(31)

श्री नारायण दास, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0–ग्राम–25 का उत्तर सामग्री :–

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री नारायण दास, माननीय स0वि0स0	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि देवघर जिला के देवीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पुर्णाडीह में पतरो नदी पर पुल नहीं होने के कारण दर्जनों पंचायत आवागमन की सुविधा से वंचित है, जिसकी मांग वर्षों से होते आ रही है;	1. स्वीकारात्मक। देवघर जिला के देवीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पुर्णाडीह में जोरिया नदी में पुल नहीं है।
2. क्या यह बात सही है कि देवघर जिला के देवघर प्रखण्ड अन्तर्गत सातर खोरपो पंचायत के चित्तो लोढ़िया दुर्गा मंदिर से जोगीडीह तक आर0ई0ओ0 पथ जर्जर अवस्था में है;	2. स्वीकारात्मक।
3. क्या यह बात सही है कि देवीपुर प्रखण्ड के बाघमारी पंचायत अन्तर्गत बिरनियां पुल से ग्राम बुढ़ई तक आर0ई0ओ0 पथ एवं पंचायत जीतजोरी–चित्तो, नोढ़िया–संग्राम नोढ़िया–देवसंघ तक आर0ई0ओ0 पथ–सह–पुलिया जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है;	3. आंशिक स्वीकारात्मक। जीतजोरी से संग्राम लोढ़िया 7.20 कि0मी0 अच्छी स्थिति में है। संग्राम लोढ़िया से देवसंघ पथ की मरम्मति प्रक्रियाधीन है।
4. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल के साथ–साथ आर0ई0ओ0 पथों के निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	4. चालू वित्तीय वर्ष में विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध के आलोक में प्रति माननीय स0वि0स0 द्वारा अनुशंसित औसतन 10 कि0मी0 पथ व एक पुल लिया जा रहा है। उक्त अनुशंसा सूची में प्रश्नाधीन पुल व पथ शामिल नहीं है। सीमित बजटीय उपबंध एवं निर्धारित नीति के आलोक में वर्णित पथ के निर्माण का निर्णय लिया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(ग्रामीण कार्य मामले)

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1055 / 15 ग्रा0का0वि0 2854 राँची / दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा0वि0स0 सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–2317, दिनांक–20.08.2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25·8·15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1055 / 15 ग्रा0का0वि0 2854 राँची / दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–मा0 मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय विभागीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के आप्त सचिव, झारखण्ड / प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25·8·15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1055 / 15 ग्रा0का0वि0 2854 राँची / दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

(82)

माननीय विधायक श्री बादल, मा. स. वि. स. द्वारा दिनांक 26.08.2015 को पूछे जाने वाला तारांकित प्रश्न सं. पेय – 09 का उत्तर

क्रम सं.	क्या मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–	श्री चंद्र प्रकाश चौधरी, विभागीय मंत्री द्वारा दिये जाने वाले उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक, राज्य जल एवं स्वच्छता विभाग (पी.एम.यू.) द्वारा फरवरी–2014 में अनुबंध के आधार पर नियुक्त 110 प्रखंड लोक स्वास्थ्य अभियंताओं के सेवावधि विस्तार करने के संबंध में दिनांक 02.08.2014, पत्रांक 1210 एवं दिनांक 31.10.2014, पत्रांक–1625 में सभी अधीक्षण एवं कार्यपालक अभियंता से प्रतिवेदन माँग की गयी;	वस्तुस्थिति यह है कि प्रखंड लोक स्वास्थ्य अभियंताओं को छः माह की नियत अवधि के लिए पूर्ण औपबंधिक रूप से वर्ष 2014 में VWSC द्वारा 17,222 अदद् सोक पिट निर्माण में टेकनो–मैनेजिरियल सपोर्ट हेतु चयन किया गया था। इन्हें प्रतिमाह न्यूनतम 20 अदद् सोकपिट का निर्माण अनुमोदित नक्शा एवं प्राक्कलन के अनुरूप करना था। प्रत्येक माह इस लक्ष्य से कम प्राप्ति पर समानुपातिक कटौती की जानी थी। यह मुख्य अभियंता –सह–कार्यकारी निदेशक, पी.एम.यू. के कार्यालय आदेश 917/B-Part/20/258 दिनांक 17.02.14 से स्पष्ट है। इस कार्य के समाप्त हो जाने से इनकी सेवा स्वतः समाप्त हो गई।
2	क्या यह बात सही है कि सभी अधीक्षण एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रखंड लोक स्वास्थ्य अभियंताओं के सेवावधि विस्तार हेतु प्रतिवेदन देने के बाद भी अब तक सेवावधि विस्तार संबंधी विभागीय आदेश निर्गत नहीं हो पाया है, जिससे विकास कार्य बाधित है;	कंडिका 1 में स्थिति स्पष्ट है। वर्तमान में इसकी कोई आवश्यकता एवं औचित्य नहीं है।
2	यदि उपर्युक्त प्रश्न खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार प्रखंड लोक स्वास्थ्य अभियंताओं के सेवावधि विस्तार संबंधी विभागीय आदेश निर्गत करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	कंडिका–2 में स्थिति स्पष्ट की जा चुकी है। यह मामला विचारणीय नहीं है।

झारखंड सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक:8/तारा. प्र. 23/2015 3755 दिनांक 24/8/15

प्रतिलिपिः झारखंड विधानसभा सचिवालय के ज्ञापांक 2258 दिनांक 19.08.2015 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(83)

श्रीमती विमला प्रधान, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं०–ग्राम–27 का उत्तर सामग्री :–

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्रीमती विमला प्रधान, माननीय स०वि०स०	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि गुमला जिला के प्रखण्ड पालकोट में एन०एच०–23 सेमरा से कोंडटेकेला होते हुए मुड़मा तक, डहुडाड से टेंगरिया तक एवं दामकारा से सारूबेडा तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा है, जिसके कारण जनता को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है;	1. स्वीकारात्मक।
2. यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारियों एवं संवेदक पर कार्रवाई एवं सड़क का निर्माण पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?	2. पथ योजना पूर्ण करने हेतु संवेदकों को निदेशित किया गया है। पी०डब्ल्यू०डी० कोड, एस०बी०डी० के आलोक में संवेदकों पर समुचित कारवाई करते हुए सड़क निर्माण कराया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(ग्रामीण कार्य मामले)

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1052/15 ग्रा०का०वि० 2857 राँची/दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा०वि०स० सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–2319, दिनांक–20.08.2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1052/15 ग्रा०का०वि० 2857 राँची/दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–मा० मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के आप्त सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1052/15 ग्रा०का०वि० 2857 राँची/दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

(84)

श्री राज कुमार यादव, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0–पथ–08 का उत्तर सामग्री :–

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री राज कुमार यादव, माननीय स0वि0स0	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिला अन्तर्गत आर0ई0ओ0 पथ बलहरा से पिहरा तक 44 कि0मी0 जर्जर है;	1. स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि पथ जर्जर होने के कारण आस–पास के गाँव के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ती है;	2. स्वीकारात्मक।
3. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	3. प्रश्नाधीन पथ, पथ निर्माण विभाग में हस्तानान्तरण हेतु प्रक्रियाधीन है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(ग्रामीण कार्य मामले)

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1058/15 ग्रा0का0वि0 2838 राँची/दिनांक– 25-8-15
प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा0वि0स0 सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–2253, दिनांक–19.08.2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1058/15 ग्रा0का0वि0 2838 राँची/दिनांक– 25-8-15
प्रतिलिपि–मा0 मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के आप्त सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1058/15 ग्रा0का0वि0 2838 राँची/दिनांक– 25-8-15
प्रतिलिपि–प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

(86)

दिनांक–26.08.2015 को श्री विदेश सिंह, माननीय स0वि0स0 द्वारा पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–ग्राम–17

तारांकित प्रश्न	उत्तरदाता– माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग
1. क्या यह बात सही है ग्रामीण विकास विभाग, झा0, राँची का प0–6581 दि0–......पत्रांक–7375 दि0–16.12.11 पत्रांक–1201 दि0–22.03.12 बी0सी0 प्रखण्ड सृजन 270/2005 ग्रा0वि0 1976 के आलोक में पलामू जिलान्तर्गत पांकी प्रखण्ड से अलग कर लोहरसी प्रखण्ड के सृजन के सम्बन्ध में प्रमण्डलीय आयुक्त, पलामू से मंतव्य मांगा गया था;	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। विभागीय पत्रांक–1976 दि0–22.03.2012 द्वारा लोहरसी प्रखण्ड सृजन के प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में सभी प्रक्रिया पूर्ण कर प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया गया है। शेष पत्रांकों द्वारा सभी उपायुक्तों को समीक्षोपरान्त आवश्यकतानुसार प्रखण्ड सृजन का प्रस्ताव भेजने का निदेश प्रेषित है।
2. क्या यह बात सही है कि प्रमण्डलीय आयुक्त द्वारा विगत 2014 में लोहरसी प्रखण्ड के सृजन के सम्बन्ध में अपनी अनुशंसा ग्रामीण विकास विभाग को भेजी गयी थी;	स्वीकारात्मक वर्तमान पांकी प्रखण्ड में 25 पंचायत हैं जिनमें से मात्र 5 पंचायत को अलग कर लोहरसी प्रखण्ड सृजन का प्रस्ताव प्राप्त है।
3. क्या यह बात सही है कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से व्यवस्था सुलभ सुविधा आम ग्रामीण जनताओं तक पहुँचाने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है;	ग्रामीण जनता को आवश्यक सुविधाएं पहुँचाई जा रही है।
4. यदि उपरोक्त प्रश्न खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कब तक 10 पंचायतों को मिला कर लोहरसी को नया प्रखण्ड बनाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	प्रखण्ड सृजन हेतु मापदण्डों के निर्धारण पर नीतिगत निर्णय प्रक्रियाधीन है। तदनुसार समुचित निर्णय लिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

ज्ञापांक– 1–वि0स0–63 (बी0)/2015/ग्रा0वि0 4400 राँची, दिनांक–22.8.15

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झा0वि0स0 सचिवालय को उनके ज्ञाप संख्या–2159 दिनांक–17.08.2015 के क्रम में उत्तर सामग्री की 200 प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 22/8/15
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक– 1–वि0स0–63 (बी0)/2015/ग्रा0वि0 4400 राँची, दिनांक–22.8.15

प्रतिलिपि :– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री (ग्रामीण विकास विभाग) के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 22/8/15
सरकार के अवर सचिव।

(87)

श्री सत्येन्द नाथ तिवारी मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक – 26.08.2015 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या–पेय– 08 का उत्तर :–

क्या मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–	श्री चन्द प्रकाश चौधरी, विभागीय मंत्री द्वारा दिए जाने वाला उत्तर:–
1. क्या यह बात सही है कि गढ़वा जिला अंतर्गत 37 करोड़ की लागत से गढ़वा शहरी जलापूर्ति का कार्य 15 फरवरी 2015 तक पूरा करना था जिसके अन्तर्गत भूमि अधिग्रहण करीब 35% भूमि का मुआवजा किसानो को मिल गया है और 65% भूमि का मुआवजा किसानो को मुआवजा नही मिलने से काम बाधित है।	वस्तु स्थिति यह है कि – (i) गढ़वा जिला के गढ़वा शहरी क्षेत्र के लिए पाईप जलापूर्ति योजना के पुनर्गठन का कार्य 13.02.2013 को रू0 36.7330 लाख (रू0 छतीस करोड तिहत्तर लाख तीस हजार) योजना की लागत से आरम्भ की गई है। योजनो 12.02.2015 तक पूर्ण कराना था। यह कार्य पेयजल एवं स्व0 विभाग द्वारा जमा शीर्ष अंतर्गत कराया जा रहा है। (ii) इस योजना के WTP (जल शोध संस्थान) के लिए चयनित स्थल सोनपुरवा मुहल्ला एवं जलग्राही कूप निर्माण हेतु मेढ़ना कला ग्राम के लिए भू–अर्जन अंतर्गत कार्रवाई पूर्ण कर भूमि हस्तगत नहीं कराई गई है। भू–अर्जन को पूर्ण राशि रू0 269.96 लाख (रू0 दो करोड़ उन्हत्तर लाख अन्तानबे हजार) जिला भू–अर्जन को उपलब्ध कराई जा चुकी है। (iii) योजना के उक्त अवयवो के लिए जमीन अबतक उपलब्ध नहीं करायी गयी है। स्थानीय प्रशासन द्वारा जमीन उपलब्ध कराने के उपरांत उसपर कार्य प्रारंभ कर दी जायेगी। (iv) शेष विष्णुपर में विद्युत कार्यालय परिसर में जलमीनार 45% एवं सम्प 95%, टंडवा मे जलमीनार 49% उंचरी बाजार समिति में जलमीनार 22% एवं सम्प 5% साथ ही पाईप लाईन Raw water rising main-27.41%, Clear water rising main -72.90 % एवं अन्य कार्य प्रगति पर है।
1. क्या यह बात सही है कि खण्ड–01 मे वर्णित योजना में अभी तक मात्र 35% ही काम हुआ है और 65% काम बाकी है जिससे आम जनता जलापूर्ति से बंचित है।	कंडिका –1 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी का बार–बार स्थानान्तरण/पदस्थापन के कारण भुगतान लम्बित रहने की सूचना है। भुगतान का कार्य अंतिम चरण में होने की सूचना है। शीघ्र भुगतान होने की सूचना दी गई है।
2. यदि उपरोक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड–1 में वर्णित योजना को अविलम्ब पूरा कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करते हुए अधुरे कार्यों के लिए जिम्मेदार पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?	स्थानीय प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराये जाने के पश्चात अन्य अवयवों का कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

झारखण्ड सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

ज्ञापांक :– 7/ता0 प्र0–02–07/2015– 3759 /राँची, दिनांक :– 24/8/15

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 2259 वि0 स0 दिनांक– 19.08.2015 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सुरेश प्रसाद)

सरकार के अवर सचिव।

24/08/15

(88)

दिनांक–26.08.2015 को श्री कुणाल षाडंगी, माननीय स0वि0स0 द्वारा पूछा जाने वाला
तारांकित प्रश्न संख्या–ग्राम–20

तारांकित प्रश्न	उत्तरदाता– माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग
1. क्या यह बात सही है के पूर्वी सिंहभूम जिला के अन्तर्गत गुड़ावन्दा प्रखण्ड का निर्माण चार वर्ष पूर्व हुआ है एवं यह क्षेत्र अब तक प्रभावित है;	पूर्वी सिंहभूम जिला के अन्तर्गत गुड़ाबांधा प्रखण्ड का सृजन वर्ष 2008 में हुआ है एवं उक्त तिथि से प्रखण्ड कार्यालय कार्यरत है।
2. क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में एकमात्र पदाधिकारी (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी) पदस्थापित हैं;	अस्वीकारात्मक है। गुड़बांधा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पूर्व से पदस्थापित है। प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा सहायक का पदस्थापन स्थाई रूप से कर दिया गया है। घालभूमगढ़ एवं बहरागोड़ा प्रखण्ड तथा जिला स्तर से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही स्थाई पदस्थापन हेतु सम्बन्धित विभाग से अनुरोध किया गया है।
3. क्या यह बात सही है कि अन्य अधिकारी के पदस्थापन नहीं रहने के कारण विकास का अभी कार्य अवरूद्ध है;	प्रखण्ड में प्रतिनियुक्त कर्मियों/पदाधिकारियों के कारण सभी विकास कार्य सम्पन्न कराये जा रहे हैं अतएव कोई विकास कार्य अवरूद्ध नहीं है।
4. यदि उपरोक्त प्रश्न खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में संबंधित पदाधिकारियों को पदस्थापित करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	विभागीय पत्रांक–6856 दि0–21.10.2008 द्वारा पू0 सिंहभूम जिलान्तर्गत नवसृजित प्रखण्ड गुड़ाबांधा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, पंचायत राज पदाधिकारी, लिपिक, चालक एवं आदेशपाल सहित कुल 11 पदों का सृजन किया गया है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

ज्ञापांक– 1–वि0स0–67 (बी0)/2015/ग्रा0वि0 4477 राँची, दिनांक– 25.8.15

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झा0वि0स0 सचिवालय को उनके ज्ञाप संख्या–2256 दिनांक–19.08.2015 के क्रम में उत्तर सामग्री की 200 प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/8/15

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक– 1–वि0स0–67 (बी0)/2015/ग्रा0वि0 4477 राँची, दिनांक– 25.8.15

प्रतिलिपि :– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री (ग्रामीण विकास विभाग) के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25/8/15

सरकार के अवर सचिव।

89

श्री सत्येन्द्र नाथ तिवारी, माननीय सदस्य झारखण्ड विधान सभा से प्राप्त दिनांक–26.08.2015 को पूछे जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–न–03 का उत्तरः–

क्र0 सं0	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा नगरपालिका क्षेत्र में सिवरेज ड्रेनेज की समुचित व्यवस्था नहीं है;	स्वीकारात्मक है।
2.	क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित सिवरेज एवं ड्रेनेज के अभाव में बरसात के दिनों में नगरपालिका क्षेत्र नदी में तबदील हो जाती है, सड़कें और कई घर जलमग्न हो जाते हैं और लोग घर छोड़कर बाहर पलायन करने को बाध्य हो जाते है;	स्वीकारात्मक है।
3.	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गढ़वा नगरपालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में सिवरेज एवं ड्रेनेज की समुचित व्यवस्था अविलम्ब कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	विभाग द्वारा नगर निकायों को प्रतिवर्ष राशि उपलब्ध करायी जाती है। उक्त राशि से नगर निकाय द्वारा ड्रेनेज की व्यवस्था की जा सकती है। विगत वित्तीय वर्ष 2014–15 में सिवरेज ड्रेनेज मद में कुल 74,51,094/–(चौहत्तर लाख एकावन हजार चौरानबे) रू0 अनुदान की राशि विमुक्त की गई है। उक्त राशि से गढ़वा नगर पंचायत द्वारा नियमानुसार योजना का कार्यान्वयन किया जा सकता है।

झारखण्ड सरकार
नगर विकास विभाग

ज्ञापांक–5/न0वि0/तारांकित–40/2015-3087 रॉंची, दिनांक–25-08-15.

प्रतिलिपि–: अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा के पत्रांक–2145 दिनांक–17.08.2015 के आलोक में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ प्रेषित।

25/8/2015

सरकार के उप सचिव

(90)

श्री दीपक बिरूवा मा०स०वि०स० द्वारा दिनांक – 26.08.2015 को पूछे जानेवाले तारांकित प्रश्न संख्या–पेय– 12 का उत्तर :–

	क्या मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–	श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, विभागीय मंत्री द्वारा दिए जाने वाला उत्तर:–
1	क्या यह बात सही है कि पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत खूंटपानी प्रखण्ड के तोरसिन्दरी स्थित एकलव्य विद्यालय में दो मंजिला छात्रावास 01 करोड़ की लागत से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियन्ता श्री हरेन्द्र मिश्रा के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है।	अस्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत खूंटपानी प्रखण्ड के तोरसिन्दरी स्थित एकलव्य विद्यालय में दो मंजिला छात्रावास का निर्माण रूपये 104.38220 लाख की लागत से पेयजल एंव स्वच्छता प्रमंडल, चाईबासा द्वारा निविदा के माध्यम से कार्यादेश संख्या– 625, दिनांक– 08.06.2015 एवं एकरारनामा संख्या– F2–06 (2013–14) द्वारा मेसर्स आनन्द सिंह, बोदरा हाउस, कल्याणपुर, चाईबासा द्वारा कराया जा रहा है। अद्यतन कल्याण विभाग के पत्रांक– 373/374 दिनांक– 08.02.2012 एवं समेकित जनजाति विकास अभिकरण, पश्चिम सिंहभूम के पत्रांक– 109 दिनांक– 23.03.2012 के द्वारा कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चाईबासा को कार्यान्वयन एजेन्सी बनाया गया है। इस निर्देश के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। अद्यतन रूपये 86.53 लाख आवंटन के विरूद्ध पूर्ण राशि व्यय की गई है। राशि के अभाव में कार्य बाधित है।
2	क्या यह बात सही है कि श्री मिश्रा द्वारा बिना पिलर के ही तथा चापाकल से निकाले गए जंग लगे पाईप/छड़ से निर्माण कराया जा रहा है।	अस्वीकारात्मक। वस्तु स्थिति यह है कि कार्यपालक अभियन्ता से समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची द्वारा स्वीकृत प्राक्कलन एवं नक्शे के अनुरूप ही कार्य करने की सूचना प्राप्त है। सम्बन्धित प्राधिकार द्वारा नियमित मोनेटरिंग की जानी चाहिए। इसके अध्यक्ष उपायुक्त होते है एवं परियोजना निदेशक भा० प्र० से०/ झा० प्र० से० के वरीय पदाधिकारी होते है।
3	यदि उपरोक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राक्कलन के विरूद्ध एवं भवन निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने वाले श्री मिश्रा के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?	वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। कार्य गुणवत्ता की जाँच अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग से कराकर इसकी गुणवत्ता को सत्यापित कर समेकित जनजाति विकास अभिकरण पश्चिम सिंहभूम कार्रवाई करना चाहेगा।

झारखण्ड सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक :– 7/ता0प्र0–02–07/2015– 3763 /राँची, दिनांक :– 24/8/15

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं0 प्र0– 2325 वि0 स0 दिनांक – 20.08.2015 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/8/15

(सुरेश प्रसाद)

सरकार के अवर सचिव।

24/8/15

(91)

श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं०–ग्राम–21 का उत्तर सामग्री :–

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री ग्लेन जोसेफ गॉलस्टन, माननीय स०वि०स०	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि राँची जिला के मैक्लुस्कीगंज रेलवे क्रासिंग से सरना, मायापुर, खेलारी बाजार के०डी० बाजार होते हुए अम्बेडकर चौक खलारी जानेवाला प्रमुख पथ है जो बहुत जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है;	1. स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि उग्रवादी क्षेत्र को नियंत्रित करने हेतु खेलारी थाना से मैक्लुस्कीगंज थाना के वाहनों का आना–जाना भी उक्त पथ से ही होता है;	2. स्वीकारात्मक।
3. क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के खराब रहने के कारण आम जनता एवं उग्रवादी गतिविधियों के लिए सुरक्षाकर्मियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है;	3. आंशिक स्वीकारात्मक। पथ के आंशिक भाग में वर्ष 2012–13 में मरम्मति कराया गया था।
4. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण चालू वित्तीय वर्ष कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	4. विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध के आलोक में मा० स०वि०स० द्वारा अनुशंसित पथों की स्वीकृति दी जा चुकी है। उक्त पथ अनुशंसा सूची में शामिल नहीं है। सीमित बजटीय उपबंध एवं निर्धारित नीति के आलोक में वर्णित पथ के निर्माण का निर्णय लिया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(ग्रामीण कार्य मामले)

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1050/15 ग्रा०का०वि० 2849 राँची/दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा०वि०स० सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–2316, दिनांक–20.08.2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1050/15 ग्रा०का०वि० 2849 राँची/दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–मा० मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के आप्त सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1050/15 ग्रा०का०वि० 2849 राँची/दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

माननीय विधानसभा सदस्य श्री साधुचरण महतो, स०वि०स० द्वारा दिनांक 26.08.15 को सदन में उठाये जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–पेय–03 की सूचना का उत्तर

क्रं	क्या मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–	श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, विभागीय मंत्री द्वारा दिये जाने वाला उत्तर:–
1	क्या यह बात सही है कि सरायकेला–खरसावाँ जिले के चाण्डिल अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत चौका, चाण्डिल बस स्टैण्ड, रघुनाथपुर एवं चाण्डिल गोलचक्कर भीड़–भाड़ वाला जगह है एवं यहाँ रोज हजारों लोगों का आना–जाना होता है;	स्वीकारात्मक इस क्षेत्र में सामान्यतः साधारण भीड़–भाड़, ट्रैफिक/बस/टैक्सी इत्यादि के कारण रहती है। यह ग्रामीण क्षेत्र है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सामुदायिक शौचालय निर्माण का प्रावधान है। जिले में पर्याप्त राशि उपलब्ध है। मार्गदर्शिका के अनुरूप जिला जल एवं स्वच्छता समिति कार्रवाई करें। इसके अध्यक्ष उपायुक्त होते है।
2	क्या यह बात सही है कि खण्ड–1 में वर्णित स्थलों में कोई भी शौचालय स्थापित नहीं है जिससे महिलाओं एवं आम जनों को काफी परेशानी होती है;	स्थिति कंडिका–1 में स्पष्ट की गई है।
3	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थलों पर शौचालय निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नही तो क्यों?	स्पष्ट कंडिका–1 में स्पष्ट की जा चुकी है।

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक: 8/ता0प्र0संख्या–22/2015– 3756 दिनांक 24/8/15

प्रतिलिपि: अपर सचिव झारखण्ड विधान सभा सचिवालय के ज्ञापांक 2133 दिनांक 17.08.2015 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सुरेश प्रसाद)
सरकार के अवर सचिव

(93)

श्री जगरनाथ महतो, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं० ग्राम–01

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री जगरनाथ महतो, माननीय स०वि०स०	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि बोकारो जिला के नावाडीह प्रखण्ड अंतर्गत चपरी पंचायत के बेला मे पुल निर्माण नहीं होने से आवागमन मे काफी कठिनाई होती है ;	उत्तर स्वीकारात्मक है।
2. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त स्थल पर प्रधानमंत्री रोजगार योजना के द्वारा दोनों तरफ पक्की सड़क का कार्य हो चुका है ;	उत्तर स्वीकारात्मक है।
3. यदि उपरोक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उपरोक्त स्थल पर पुल निर्माण कराने की विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	सीमित बजट उपबंध रहने की स्थिति मे वित्तीय वर्ष 2015–16 मे माननीय स०वि०स० से प्राप्त प्राथमिकता सूची के आधार पर एक योजना "बोकारो जिलान्तर्गत नावाडीह प्रखण्ड के नारायणपुर पंचायत के रौली बेडा के बीच गोडगोडवा नाला में पुल निर्माण" का डी०पी०आर० तैयार कराया जा रहा है। सीमित बजट उपबंध रहने के कारण तारांकित प्रश्न सं० ग्राम–01 में वर्णित पुल के निर्माण की स्वीकृति दिया जाना संभव नहीं है। 0

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग।

ज्ञापांक:– 7 (वि०स०)–260 / 2015 / ग्रा०का० 2783 राँची, दिनांक– 21-8-15

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं० प्र०–2048 वि०स० दिनांक 13.08.2015 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/8/15

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक:– 7 (वि०स०)–260 / 2015 / ग्रा०का० 2783 राँची, दिनांक– 21-8-15

प्रतिलिपि:– माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड के आप्त सचिव / प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

21/8/15

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक:– 7 (वि०स०)–260 / 2015 / ग्रा०का० 2783 राँची, दिनांक– 21-8-15

प्रतिलिपि:– अवर सचिव (प्रभारी विधानमंडलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

21/8/15

सरकार के उप सचिव

94

श्री आलमगीर आलम, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं0–पथ–09

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री आलमगीर आलम, माननीय स0वि0स0	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत मोगलपाड़ा एन0एच0–80 से महाराजपुर, इस्लामपुर होते हुए पश्चिम बंगाल सीमा तक महत्वपूर्ण पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर है;	1. स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि वर्णित पथ का ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में हस्तानांतरण प्रक्रियाधीन है;	2. अस्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त प्रश्नखण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार मोगलपाड़ा एन0एच0–80 से महाराजपुर इस्लामपुर होते हुए पश्चिम बंगाल सीमा तक पथ का हस्तानान्तरण पथ निर्माण विभाग में करते हुए, निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	3. वर्णित पथ के हस्तानांतरण का प्रस्ताव प्राप्त होने पर ग्रामीण कार्य विभाग को पथ हस्तानांतरित करने पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(ग्रामीण कार्य मामले)

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1057/15 ग्रा0का0वि0 2848 राँची/दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा0वि0स0 सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–2252, दिनांक–19.08.2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1057/15 ग्रा0का0वि0 2848 राँची/दिनांक– 25-8-1

प्रतिलिपि–मा0 मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के आप्त सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि0स0–12)–1057/15 ग्रा0का0वि0 2848 राँची/दिनांक– 25-8-15

प्रतिलिपि–प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

95

श्री दशरथ गागराई, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं०–ग्राम–06

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री दशरथ गागराई, माननीय स०वि०स०	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि सरायकेला–खरसावां जिला के निम्नांकित आर०ई०ओ० सड़क कालियाडुंगरी पी०डब्ल्यू०डी० पथ से टेंटोपोसी तक (गम्हारिया प्रखण्ड) घोड़ा चौक से सिलपिंगदा तक (सरायकेला प्रखण्ड) डुबरायडीह से कुचाई (भाया डोरो–सेरेंगदा–कुचाई) तक की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण आवागमन में लोगों को दिक्कतें होती है;	1. आंशिक स्वीकारात्मक। प्रश्नाधीन पथों के पूर्व में अलग नामों से राज्य संपोषित अन्तर्गत निर्माण कराया गया है।
2. यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार लोकहित में उक्त तीनों सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	2. विभागीय नीति निर्धारण एवं बजटीय उपबंध के आलोक में मा० स०वि०स० द्वारा अनुशंसित 8.75 कि०मी० स्वीकृत है व 1.45 कि०मी० प्रक्रियाधीन है। सीमित बजट के कारण तत्काल सभी पथों को लेना संभव नहीं है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(ग्रामीण कार्य मामले)

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1035/15 ग्रा०का०वि० 2818 राँची/दिनांक– 22-8-15
प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा०वि०स० सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–2136, दिनांक–17.08.2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1035/15 ग्रा०का०वि० 2818 राँची/दिनांक– 22-8-15
प्रतिलिपि–मा० मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के आप्त सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

22.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1035/15 ग्रा०का०वि० 2818 राँची/दिनांक– 22.8.15
प्रतिलिपि–प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

22.8.15
सरकार के उप सचिव।

96

श्रीमती मेनका सरदार, माननीय स०वि०स० द्वारा दिनांक–26.08.2015 को पूछा जानेवाला तारांकित प्रश्न सं०–ग्राम–10 का उत्तर सामग्री :–

प्रश्नकर्ता	उत्तरदाता
श्रीमती मेनका सरदार, माननीय स०वि०स०	श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले)।
1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित पोटका एवं डुमुरिया प्रखण्डों को जोड़ने वाली एक मात्र पथ कोवाली–डुमुरिया पथ भाया खैरबनी कुमड़ाशोल की स्थिति अत्यन्त जर्जर है;	1. आंशिक स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड–(1) में वर्णित पथ का डुमुरिया प्रखण्ड उग्रवाद प्रभावित है एवं पथ की हालत अत्यन्त जर्जर होने के कारण आवागमन में ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है;	2. स्वीकारात्मक।
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड–(1) में वर्णित पथ का निर्माण वित्तीय वर्ष 2015–16 में कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?	3. (i) पी०एम०जी०एस०वाई० अन्तर्गत स्वीकृत खैरबनी से खरीदा तक 4.00 कि०मी० पथांश जो षष्टम चरण में स्वीकृत है। संवेदक की शिथिलता के कारण एकरारनामा विखण्डित कर दिया गया है, परन्तु मामला मा० न्यायालय में लंबित है। न्यायादेश के उपरांत पथ निर्माण कराया जा सकेगा। (ii) कुमड़ाशोल से कारूसाई पथ (1.70 कि०मी०) पी०एम०जी०एस०वाई० द्वितीय चरण में स्वीकृत एवं पूर्ण है। चालू वित्तीय वर्ष में उक्त पथांश की मरम्मति हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(ग्रामीण कार्य मामले)

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1034/15 ग्रा०का०वि० 2841 राँची/दिनांक– 25-8-15
प्रतिलिपि–अवर सचिव, झा०वि०स० सचिवालय को 200 प्रतियों में उनके ज्ञापांक–2137, दिनांक–18.07.2015 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1034/15 ग्रा०का०वि० 2841 राँची/दिनांक– 25-8-15
प्रतिलिपि–मा० मुख्यमंत्री, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड के आप्त सचिव/माननीय विभागीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के आप्त सचिव, झारखण्ड/प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

25.8.15
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–05 (वि०स०–12)–1034/15 ग्रा०का०वि० 2841 राँची/दिनांक– 25-8-15
प्रतिलिपि–प्रशाखा–5 (विधान मण्डलीय कार्य), ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

(97)

मा0, स0वि0स0, श्री रामचन्द्र सहिस द्वारा दिनांक 26.08.2015 को पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0 पथ – 06 का उत्तर प्रतिवेदन :–

प्रश्नकर्ता मा0, स0वि0स0, श्री रामचन्द्र सहिस		उत्तरदाता मा0 मंत्री, प0नि0वि0 उत्तर
	क्या मंत्री, प0नि0वि0,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–	
1.	क्या यह बात सही है कि प0 सिंहभूम के जुगसलाई रेलवे फाटक के स्थान पर ओवरब्रीज नहीं बनने के कारण आम जनता को हमेशा ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है ;	स्वीकारात्मक ।
2.	क्या यह बात सही है कि जुगसलाई रेलवे फाटक के स्थान पर ओवरब्रीज निर्माण हेतु आम जनता वर्षों से मांग करते आ रही है ;	स्वीकारात्मक ।
3.	यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार के जुगसलाई रेलवे फाटक के स्थान पर ओवरब्रीज निर्माण करना चाहते हैं, हाँ तो कब तक, नही तो क्यों ?	हाँ । रोड ओवर ब्रीज (ROB) आ0ओ0बी0 का रेलवे तथा राज्य सरकार के बीच 50:50 कास्ट शेयरिंग के आधार पर निर्माण करने का निर्णय है । विषयांकित (ROB) आ0ओ0बी0 का Drawings अनुमोदित है । रेलवे द्वारा ब्रीज पार्ट तथा राज्य द्वारा पहुँच पथ का निर्माण कार्य करना है ।

झारखण्ड सरकार

पथ निर्माण विभाग, राँची ।

ज्ञापांक : प0नि0वि0–11–ता0प्र0–62/2015 6070(S) राँची/दिनांक : 24/8/15

